CMYK
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com
नवमं सिद्धिदात्री



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 5:58 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरूवार
सुबह 6:06 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



सिद्धगन्धर्वय क्षाद्यैर सुरैरमरैरपि। सेव्यमाना सदा भूयात् सिद्धिदा सिद्धिदायिनी ।।

हल्द्वानी वर्ष 18 अंक 96 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. बुधवार, 1 अक्टूबर 2025

नवमी को महारूप में प्रकट हुई...पेज-3 पर

News कॉर्नर

## स्नातक परीक्षा नकल प्रकरण पर जांच आयोग की जनसुनवाई 3 और 4 अक्टूबर को हल्द्वानी में

**हल्द्वानी।** स्नातक प्रतियोगी परीक्षा-2025 के दौरान हुए कथित नकल प्रकरण की जांच अब आमजन और अभ्यर्थियों के सामने होगी। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) यू.सी. ध्यानी की अध्यक्षता में गठित एकल सदस्यीय जांच आयोग 3 और 4 अक्टूबर को सर्किट हाउस, काठगोदाम, हल्द्वानी में जनसुनवाई करेगा। 2 अक्टूबर (गुरुवार)- आयोग का हल्द्वानी आगमन।3 अक्टूबर (शुक्रवार)- सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जनसुनवाई। 4 अक्टूबर (शनिवार)- सुबह 10 बजे से 11 बजे तक जनसुनवाई। दोपहर 1 बजे आयोग का देहरादून प्रस्थान। इस संबंध में अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि जनसुनवाई का उद्देश्य सभी अभ्यर्थियों, नागरिकों और हितधारकों की बातें सीधे आयोग तक पहुँचाना है।

## मुजफ्फरनगर में कार की टक्कर लगते ही एक फीट उछल गया ट्रक, छह की मौत

**मुजफ्फरनगर।** बघरा बाईपास पर अर्टिगा कार हाईवे पर खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी। करनाल के एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई, जबकि एक की हालत गंभीर है।
बघरा बाईपास पर हुआ हादसा इतना भीषण था कि कार की टक्कर लगने के बाद ट्रक भी पीछे से करीब एक फीट उछल गया। हाईवे पर दूसरी ओर ढाबे पर मौजूद लोग हादसा देखकर दौड़े। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। कार में फंसे शवों को एक-एक कर बाहर निकाला और हाईवे किनारे रखते रहे। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। किसी तरह कार को निकालकर राहत कार्य शुरू किया। पुलिस को सूचना दी गई, एंबुलेंस मौके पर पहुंची। घायलों को अस्पताल भिजवाया गया। वहीं शवों को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। करनाल जिले के फरीदपुर से अस्थि विसर्जन के लिए हरिद्वार जा रहे छह लोगों की मौत हो गई।

# पहाड़ों की बारिश से सर्द हुई हवाएं, मैदान में राहत

देहरादून
हमारे संवाददाता

आज भी प्रदेश के पर्वतीय इलाकों के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश होने की संभावना है।

उत्तराखंड के पर्वतीय इलाकों के कुछ हिस्सों में बीते दो दिन हुई तेज दौर की बारिश ने हवाओं को सर्द कर दिया है। मैदानी इलाकों में मौसम सुहाना होने से गर्मी से राहत मिली। उधर मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से आज भी प्रदेश के पर्वतीय इलाकों के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश होने की संभावना है। केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार नैनीताल, बागेश्वर और



पिथौरागढ़ जिले के कुछ इलाकों में हल्की बारिश होने के आसार हैं। अन्य जिलों में भी हल्की बारिश की संभावना है। आंकड़ों पर नजर डाले तो मंगलवार को दून का अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री इजाफे के साथ 33 और न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री बढ़ोतरी के साथ 23 डिग्री दर्ज किया गया। ऐसा ही हाल प्रदेश के अन्य इलाकों में भी देखने को मिला। आज दून का अधिकतम तापमान 33 और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री रहने के आसार हैं। आने वाले दिनों की बात करें तो अक्तूबर के पहले सप्ताह में हल्की बारिश होने की संभावना है।

अगले तीन दिनों में प्रदेश के सभी हिस्सों से मानसून की विदाई हो जाएगी। वहीं, मौसम विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार बृहस्पतिवार को उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ आदि जिलों में हल्की बारिश के आसार हैं।

## युवक को अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया

**हल्द्वानी।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत काठगोदाम पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक युवक को 3.39 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। सघन चेकिंग अभियान के दौरान एसपी सिटी प्रकाश चंद्र व सीओ हल्द्वानी नितिन लोहनी के पर्यवेक्षण में काठगोदाम थाना प्रभारी श्री विमल कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 30 सितंबर को चेकिंग के दौरान हल्द्वानी बायपास रोड, नावाड खेड़ा क्षेत्र से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम अभिषेक गंगवार निवासी नशा मुक्ति केंद्र के पास, चौपुला चौराहा, काठगोदाम है।

स्मारक डाक टिकट और 100 रुपये का सिक्का भी जारी किया

# आरएसएस के शताब्दी समारोह में शामिल हुए प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली
एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को दिल्ली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में पीएम मोदी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के राष्ट्र के प्रति योगदान को रेखांकित करने वाला विशेष रूप से डिजाइन एक स्मारक डाक टिकट और सिक्के को जारी किया। इस साल विजयदशमी से लेकर 2026 विजयदशमी तक संघ शताब्दी वर्ष मनाएगा।

पीएम मोदी डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हमें संघ जैसे संगठन का शताब्दी वर्ष देखने को मिल रहा है। उन्होंने स्वयंसेवकों शुभकामनाएं दीं और संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम मोदी ने समारोह के दौरान कहा, आज महानवमी है। आज देवी सिद्धिदात्री का दिन है। मैं सभी



देशवासियों को नवरात्रि की बधाई देता हूं। कल विजयादशमी का महापर्व है- अन्याय पर न्याय की जीत, असत्य पर सत्य की जीत, अंधकार पर प्रकाश की जीत है। विजयदशमी भारतीय संस्कृति के इस विचार और विश्वास का कालजयी उद्घोष है। ऐसे महान पर्व पर 100 वर्ष पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना ये कोई संयोग नहीं था। ये हजारों वर्षों से चली आ रही उस परंपरा का पुनरुत्थान था। जिसमें राष्ट्र चेतना, समय समय पर उस युग की चुनौतियों का सामना करने के लिए नए-नए अवतारों में प्रकट होती है। इस युग में संघ उसी अनादि राष्ट्र चेतना का पुण्य अवतार है। उन्होंने बताया कि संघ की 100 वर्ष की इस गौरवमयी यात्रा की स्मृति में आज भारत सरकार ने विशेष डाक टिकट और स्मृति सिक्के जारी किए हैं। पीएम ने जारी किए गए सिक्के की विशेषता बताते हुए कहा, 100 रुपए के सिक्के पर एक ओर राष्ट्रीय चिन्ह है और दूसरी ओर सिंह के साथ वरद-मुद्रा में भारत माता की भव्य छवि है। भारतीय मुद्रा पर भारत माता की तस्वीर संभवत: स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है। इस सिक्के के ऊपर संघ का बोध वाक्य भी अंकित है- राष्ट्राय स्वाहा, इदं राष्ट्राय इदं न मम।

# अक्टूबर पहले हफ्ते में भी जारी रहेगा वर्षा का दौर

नैनीताल
हमारे संवाददाता

फिलहाल बारिश से छुटकारा मिलने की संभावना कम ही नजर आ रही है। मंगलवार की सुबह बारिश के साथ बीती तो अब बुधवार (आज) व वीरवार को भी वर्षा जारी रहने वाली है।

बंगाल की खाड़ी में बना निमन वायु दाब अगले तक प्रभावी रहने वाला है। नैनीताल नगर में सुबह से हल्की से मध्यम बारिश शुरू हो गई थी जो पूर्वान्ह 11 बजे तक जारी रही। कभी हल्की तो मध्यम बारिश ने लोगों को घर से बाहर निकलने में परेशान किया। करीब 11 बजे वर्षा थमी तो घने बादल पूरे दिन असमान में छाए रहे। मौसम विभाग के अनुसार अब पोस्ट मानसून शुरू हो चुका है जो अकटूबर के पहले सप्ताह में पानी बरसाने वाला है हालाकि मानसून विदा हो चुका है। मगर इन दिनों हो रही बारिश पोस्ट मानसून का असर है जो आने वाले दिनों में भी सक्रिय रहने वाला है। बंगाल की खड़ी व गुजरात के समीप एक और निमन वायु का प्रेशर बना हुआ है। जिसका असर 5 व 6 अकटूबर को नैनीताल समेत राज्य के कई हिस्सों में देखने को मिलेगा। इस हल्की से मध्यम के साथ कुछ स्थानों में भारी वर्षा की संभावना रहेगी जबकि हिमालय की ऊंची चोटियों में हिमपात होगा। इसके साथ ही पर्वतीय क्षेत्रों में ठंड में बढ़ोतरी भी शुरू हो जाएगी। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 26 व 18 डिग्री सेल्सियस रहा। बारिश पांच मिमी हुई।



## बीएलएम एकेडमी में दशहरा और गांधी-शास्त्री जयंती का समारोह

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

बीएलएम अकादमी में दशहरा और गांधीक्ष्शास्त्री जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसमें उन्होंने महात्मा गांधी के जीवन और उनके सिद्धांतों पर प्रेरक विचार साझा किए। इस अवसर पर छोटे बच्चों ने डांडिया खेलकर उत्साह बढ़ाया, जबकि वरिष्ठ छात्रों ने गांधी जयंती का आयोजन सर्व धर्म प्रार्थना कर उनके जीवन और शिक्षाओं पर विचार किया। कार्यक्रम ने आज के समय में सत्य, अहिंसा और सादगी के महत्व को उजागर किया। यह कार्यक्रम वास्तव में यादगार रहा, जिसमें बच्चों ने आनंद और उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियो समेत विद्यालय के समस्त शिक्षक व अधिकारी मौजूद रहे।



# दशहरे पर्व को देखते हुए शहर में ट्रैफिक डायवर्जन प्लान लागू

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

दशहरे पर्व को देखते हुए शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह से बदली जाएगी। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के लिए 2 अक्टूबर दोपहर 2 बजे से दशहरा कार्यक्रम खत्म होने तक ट्रैफिक डायवर्जन प्लान लागू करने का फैसला किया है। इस दौरान शहर के मुख्य इलाकों में वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी और केवल बाईपास मार्गों का उपयोग किया जाएगा। बसों के लिए वैकल्पिक मार्ग- रामपुर रोड से आने वाली रोडवेज, सिटी और सिडकुल बसें टीपी नगर तिराहा से होंडा शोरूम तिराहा, या तीनपानी-गोला बाईपास-नारीमन तिराहा-तिकोनिया-नैनीताल बैंक तिराहा होते हुए रोडवेज पहुंचेंगी। बरेली रोड से आने वाली बसें भी तीनपानी के रास्ते होंडा शोरूम या गोला बाईपास के



रास्ते काठगोदाम होते हुए रोडवेज तक आएंगी। कालाढूंगी रोड से आने वाली बसों को लामाचौड़ से ऊंचापुल, पनचक्की, हाईडिल तिराहा होते हुए तिकोनिया और नैनीताल बैंक तिराहा से होकर रोडवेज भेजा जाएगा। रोडवेज स्टेशन से बाहर जाने वाली बसें पूर्वी गेट से निकलकर बाईपास मार्गों से गंतव्य की ओर जाएंगी। छोटे वाहनों के लिए डायवर्जन- बरेली, रामपुर व कालाढूंगी रोड से आने वाले छोटे वाहन गोला बाईपास, पनचक्की, हाईडिल और नारीमन तिराहा जैसे वैकल्पिक मार्गों से गुजरेंगे। पर्वतीय क्षेत्रों से आने वाले वाहन काठगोदाम से नारीमन तिराहा, गोला बाईपास, तीनपानी और ऊंचापुल जैसे मार्गों से शहर से बाहर निकलेंगे। नैनीताल रोड से शहर की ओर आने वाले वाहन महारानी होटल तिराहा से कुल्यालपुरा और पानी की टंकी तिराहा या नैनीताल बैंक से जेल रोड होकर अपने गंतव्य को जाएंगे।

**पार्किंग व्यवस्था:** दुपहिया वाहनों के लिए पार्किंग ओके होटल के पास स्टेडियम गली, सिन्धी स्वीट्स के बगल में और तहसील परिसर में की गई है।

चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग- कालाढूंगी रोड- पर्वतीय उत्थान मंच, रामपुर रोड- एचएन इंटर कॉलेज, नैनीताल रोड- ठंडी सड़क/वर्कशॉप लाइन, बरेली रोड- लक्ष्मी शिशु मंदिर/गांधी इंटर कॉलेज के पास की गई है। इस दौरान रोडवेज तिराहा, कालाढूंगी तिराहा, ओके होटल तिराहा और सिटी चौक के बीच किसी भी वाहन का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

**प्रशासन की अपील:** दशहरे के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं से निवेदन है कि वे निजी वाहनों की बजाय अधिक से अधिक पैदल चलें या सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करें, ताकि जाम से बचा जा सके और पर्व शांतिपूर्वक संपन्न हो सके।

# 108 कमल के फूलों माता का अभिषेक

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सर्वजनिन दुर्गा पूजा कमेटी के तत्वावधान में नैनीताल में चल रहे 69वें पांच दिवसीय श्री मां दुर्गा पूजा महोत्सव के तहत मंगलवार को मां नयना देवी मंदिर परिसर में अष्टमी पूजन के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दूसरी ओर मंगलवार की सुबह से लेकर देर शाम तक मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ नजर आई।

इससे पूर्व अष्टमी के पावन अवसर पर 108 कमल पुष्प, दूर्वा, दिये तथा बेलपत्री से मां दुर्गा का अभिषेक किया गया। इसमें 108 दिये की आरती महिसासुर मर्दिनी को, 108 कमल पुष्प, 108 दूबा तथा 108 बेल पत्री अर्पित की गई मुखय पुजारी शुभ चक्रवर्ती के नेतृत्व में पूजन किया गया। इस दौरान सर्बजनिन दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष बहादुर सिंह बिष्ट वरिष्ठ उपाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह फ र्त्याल महासचिव उमेश मिश्रा कोषाध्यक्ष राकेश कुमार समेत दिनेश भट्ट पीके शर्मा यश शर्मा विकाश वर्मा अमन महाजन आशीष वर्मा नवीन शर्मा तृप्ती मजूमदार डॉली भट्टाचार्या कमलेश शर्मा मिथाली रॉय सुना जयसिंघानी समेत मोमिता मजूमदार व कुमकुम शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।






## नैनीताल में दुर्गा महोत्सव में कलाकारों ने मचायी धूम

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सर्वजनिन दुर्गा पूजा कमेटी की ओर से आयोजित 69वें दुर्गा पूजा महोत्सव के तहत मंगलवार को मंदिर में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान हुए। मुखय अतिथि पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल रही। महोत्सव के तहत खेल मैदान में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें निशांत स्कूल व कला साहित्य एवं संगीत व शारदा संघ समेत माँ सास्कृतिक केन्द्र हरतोली व कुमाउँनी सांस्कृतिक दल तथा राजस्थान टीम के कलाकारों ने रंगारंग प्रस्तुति दी। इस दौरान दौरान अध्यक्ष बहादुर सिंह बिष्ट वरिष्ठ उपाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह फ र्त्याल भाष्कर बिष्ट मंजू रौतेला सुमन शाह रश्मी राणा कुसुमलता सनवाल तथा मीनू व भावना सहित अन्य लोग मौजद रहे।



## खिलाडियों ने पौधरोपण कर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं मंडल के डीडीहाट केओगला में चल रहे स्वर्गीय शहीद बलवंत सिंह जिमवाल मेमोरियल वॉलीबॉल टूर्नामेंट में वॉलीबॉल प्रतियोगिता के तहत जौरासी व कुमाऊं स्कोट धारचूला के बीच खेले जा रहे मैच में मुखय अतिथि राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी ने दोनों टीमों को पर्यावरण संरक्षण के तहत शपथ दिलाई।

बता दें मंगलवार को पौधारोपण अभियान के 441वें दिन मैदान परिसर में अमित स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट व पदाधिकारियों के साथ एक पौधा धरती मां के नाम के तहत पौधारोपण किया गया। सभी दर्शकों ने अभियान की सराहना की। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन कन्याल डीडीहाट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सुनील शाह समेत समाजसेवी विपिन जोशी रंजीत जिमवाल कैलाश अवस्थी गौरव अवस्थी भरत जिमवाल धीरज जिमवाल सूरज जिमवाल अजय जिमवाल कुंदन सिंह व अजय अवस्थी तथा राजेश अवस्थी उपस्थित रहे।

## नैनीताल के राजकीय पॉलीटेनिक कालेज में लगा रक्तदान शिविर

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

राजकीय पॉलीटेनिक कालेज नैनीताल के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा शनिवार को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत संस्था में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

बता दें कि रक्तदान शिविर वीरा फाउंडेशन तथा बाल किशन जोशी चेरिटेबल बलड सेंटर हल्द्वानी के साथ मिलकर आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे वीरा फ उंडेशन के सदस्य यशवीर सिंह व रंजना रावत (एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी)द्वारा रक्तदान की महत्ता के बारे में छात्र - छात्राओं को जागरूक किया गया। संस्था के प्रधानाचार्य ए.0के.0एस. गौड़ द्वारा स्वयं रक्तदान कर छात्र छात्राओं को रक्तदान हेतु प्रोत्साहित किया गया। संस्था के कुल 23 छात्र छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

कार्यक्रम मे आनंद सिंह बिष्ट (विभागाध्यक्ष बेसिक साइंस) श्रीमती लक्ष्मी गोस्वामी (व्याखयाता फ र्मेसी) समेत कमल किशोर अमित जोशी विद्यासागर तथा कार्यक्रम अधिकारी रंजना रावत सुश्री कविता नेगी रजनीश भूटानी भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रंजना रावत तथा सुश्री कविता नेगी तथा रजनीश भूटानी द्वारा किया गया।




## NEWS / फटाफट

### नैनीताल में बारिश के बाद बढ़ गयी ठंड

**नैनीताल।** नैनीताल में कई दिनों से मौसम सामान्य बना हुआ था जिससे पर्यटक और स्थानीय लोग सुहावने मौसम का लुत्त उठा रहे थे लेकिन मंगलवार सुबह अचानक हुई बारिश ने मौसम का मिजाज बदल दिया, हल्की से मध्यम बारिश के चलते तापमान में गिरावट हुई और नगर में ठंडक का अहसास बढ़ गया। मौसम में आए बदलाव व ठंडी हवाओं के चलते नगर में लोग गर्म कपड़ों में नजर आने लगे। पर्यटकों ने इस बारिश को नैनीताल की प्राकृतिक खूबसूरती को कैमरों में कैद किया। बारिश के थमने के बाद पर्यटकों ने नैनी झील में नौकायन का आनंद लेने के साथ ही नगर तथा आस पास के दर्शनीय स्थलों के दीदार किए।

### कल नैनीताल में निःशुल्क शिविर

**नैनीताल।** अधिवक्ता परिषद देवभूमि उत्तराखंड हाईकोर्ट इकाई नैनीताल द्वारा 2 अक्टूबर दशहरा के उपलक्ष्य में एक दिवसीय निःशुल्क शिविर सुबह 110 बजे से शाम 4 बजे तक नैनीताल में गुरुद्वारा के समीप डीएसए फील्ड के समीप आयोजित किया जाएगा जिसमें न्याय से संबंधित सभी कानूनी सलाह व जानकारी निःशुल्क हाई कोर्ट अधिवक्ता द्वारा जनमानस को दी जाएगी। जिसका लाभ नैनीताल नगर व ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए सभी नागरिक जन लाभ प्राप्त कर सकते हैं। न्याय परामर्श केंद्र प्रमुख विश्वकेतु वैद्य के मुताबिक शिविर का शुभारंभ वरिष्ठ अधिवकता श्रीमती जानकी सूर्या द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम को सफ ल बनाने में न्याय परामर्श केंद्र प्रमुख अधिवक्ता विश्वकेतु वैद्य समेत परामर्श केंद्र के सभी सदस्य जुटे हुए हैं। शिविर में परिषद के अध्यक्ष लोकेंद्र डोभाल समेत कार्यकारी अध्यक्ष बीरेंद्र सिंह अधिकारी व महामंत्री अनिल जोशी व अधिवक्ता परिषद के पदाधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति रहेगी।

### नैनीताल- काठगोदाम मार्ग पर हुआ पैच कार्य शुरू

**नैनीताल।** नैनीताल- काठगोदाम रोड पर गड्ढों भरी सडक़ पर अब लोगों को सफर नहीं करना पड़ेगा। एनएच विभाग की ओर से ज्योलीकोट से रानीबाग तक क्षेत्र पैच कार्य शुरू कर दिया है। बता दें कि नैनीताल काठगोदाम रोड में जगह- जगह बन रहे गड्ढे लोगों के लिए सिर दर्द बन गए हैं लेकिन अब लोगों को गड्ढों भरी सडक़ पर सफ र नहीं करना पड़ेगा। एनएच की ओर से सडक़ में पैच कार्य शुरू कर दिया है। एनएच के सहायक अभियंता प्रमोद सुयाल ने बताया कि विभाग की ओर से रानीबाग से ज्योलीकोट तक पैच कार्य शुरू कर दिया गया है। बताया कि लगभग एक सप्ताह तक यह कार्य जारी रहेगा। सडक़ के सभी पैच भर दिए जाएंगे। बताया कि जल्द ही ज्योलीकोट से नैनीताल तक भी डामरीकरण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

### भीमताल आवास योजना की रुकी किस्तों के लिए ईओ को सौपा ज्ञापन



**नैनीताल।** नैनीताल जिले की भीमताल नगर पालिका के अंतर्गत 9 वार्डों में वर्ष 2021-22 में चयनित आवास योजना के पात्र परिवारों को किस्तों का भुगतान न होने से निर्माण कार्य रुके हुए हैं। इससे प्रभावित परिवारों में भारी नाराजगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बार-बार नगर पालिका कार्यालय के चक्कर काटने के बावजूद उनकी समस्या का समाधान नहीं हो रहा। इसी मुद्दे को लेकर मंगलवार को सामाजिक कार्यकर्ता पूरन बृजवासी ने नगर पालिका पहुंचकर अधिशासी अधिकारी राहुल कुमार को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने चयनित परिवारों की परेशानियों को उजागर करते हुए रुकी हुई किस्तों के शीघ्र भुगतान की मांग की साथ ही बृजवासी ने अधिक से अधिक पात्र परिवारों को आवास योजना का लाभ दिलाने की अपील भी की।अधिशासी अधिकारी राहुल कुमार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल विभागीय अधिकारियों से जांच पड़ताल की और बृजवासी को आश्वासन दिया कि सप्ताह भर में रुकी हुई किस्तों का भुगतान करा दिया जाएगा।

## कल दो अक्टूबर को मां दुर्गा की शोभायात्रा को लेकर यातायात व्यवस्था में होगा फेरबदल

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

**तैयारी**

- **मां दुर्गा पूजा के तहत निकलने वाली शोभायाता के तहत पुलिस ने लिया फैसला**

नैनीताल में पांच दिवसीय श्री मां दुर्गा पूजा महोत्सव के तहत समापन के दिन यानी 2 अक्टूबर (वीरवार) को निकलने वाली शोभा यात्रा के चलते पुलिस प्रशासन की ओर से नगर की यातायात व्यवस्था में फेरबदल कर दिया है। पुलिस प्रशासन के मुताबिक शोभा यात्रा डीएसए फलैट पार्किंग सें मस्जिद होते हुए घोडा स्टैण्ड को आयेगी उस समय लोअर माल रोड तथा अपर माल रोड तल्लीताल से मल्लीताल को आने वाला ट्रैफिक घोडा स्टैण्ड से डायवर्जन कर मोहन को होते हुए सुखाताल को भेजा जायेगा। जब शोभायात्रा मस्जिद तिराहा से घोडा स्टैण्ड को जायेगी उस समय सूखाताल मन्नुमहारानी तिराहा से तल्लीताल को जाने वाला ट्रैफि क चीनाबाबा तिराहा से डायवर्जन कर मेट्रोपोल अण्डा मार्केट होते हुए मस्जिद तिराहा से राजभवन रोड से डांट तल्लीताल को जायेगा जिन्हें वाहन पार्क करने है वे मेट्रोपोल पार्किंग में वाहन पार्क करेंगे। यह डाइवर्जन शोभायात्रा की समाप्ति तक लागू रहेगा। इसी तरह जब शोभायात्रा घोडा स्टैण्ड होते हुए मोहन को से चीनाबाबा - बडा बाजार की तरफ को जायेगी उस सयम सुखाताल से आने वाल ट्रैफि क बारापत्थर तिराह से डायवर्जन कर शेरवुड कालेज होते हुए राजभवन तिराहा से डांट की तरफ को जायेगा वही जब शोभायात्रा घोडा स्टैण्ड से डांट की ओर प्रस्थान करेगा उस दौरान हल्द्वानी व भवाली से आने वाला ट्रैफि क डांट चौराहा से लोअर माल की तरफ नव निर्मित रैंप पर कुछ देर के लिये रोका जायेगा। जब शोभा यात्रा का टैल एच0डी0एफ0सी0 बैंक से आगे निकल जायेगा तब नव निर्मित रेंप से वाहनो को मल्लीताल को छोडा जायेगा । हल्द्वानी व भवाली रोड से यातायात का दबाव अधिक होने पर वाहनों को फ ांसी गधेरा से पुलिस लाईन गेट व राजभवन तिराहा से मल्लीताल को भेजा जायेगा परन्तु पुलिस लाईन मुखय गेट व फ ांसी गधेरा पर ड्यूटी लगाकर वाहन को कुछ समय रोक कर बारी-बारी से उपर व नीचे को भेजा जायेगा वहीं जब शोभा यात्रा टोल टैकस डांट पर आयेगी उस दौरान हल्द्वानी व भवाली से आने वाल ट्रैफि क टूटा पहाड व धर्मशाला रोड पर रोक रोक कर छोडेगें । पुलिस ने नैनीताल आने वाले पर्यटकों एवं आम जनता से अनुरोध है कि जिनको मल्लिताल क्षेत्र में जाना है वे रूसी तथा नारायण नगर होते हुए बारापत्थर के मार्ग से नैनीताल में प्रवेश करें।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-**संपादक**

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## विकेन्द्रीकरण आवश्यक

*पार्टी संगठन ने तीसरी बार सत्ता में आने के लिए कमर कस ली है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद की दोबारा जिम्मेदारी मिलने पर महेन्द्र भट्ट ने पदाधिकारियों की घोषणा करके अपनी टीम तैयार कर ली है। प्रदेश अध्यक्ष ने अपनी टीम के सदस्यों से कहा कि मिशन 2027 के लिए जुट जायें। सबसे महत्वपूर्ण बात यह कही है कि विधानसभा चुनाव में टिकट के लिए दायित्वधारियों और संगठन के पदाधिकारियों को प्राथमिकता नहीं दी जायेगी। दायित्व व दर्जाधारी और पदाधिकारी अभी से चुनाव प्रबंधन में जुट जायें। इससे विकेन्द्रीकरण होगा।*

उत्तराखंड में भारतीय जनता पार्टी लगातार दो बार से सत्ता में है। वर्ष 2027 में विधानसभा चुनाव होंगे। पार्टी संगठन ने तीसरी बार सत्ता में आने के लिए कमर कस ली है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद की दोबारा जिम्मेदारी मिलने पर महेन्द्र भट्ट ने पदाधिकारियों की घोषणा करके अपनी टीम तैयार कर ली है। प्रदेश अध्यक्ष ने अपनी टीम के सदस्यों से कहा कि मिशन 2027 के लिए जुट जायें। सबसे महत्वपूर्ण बात यह कही है कि विधानसभा चुनाव में टिकट के लिए दायित्वधारियों और संगठन के पदाधिकारियों को प्राथमिकता नहीं दी जायेगी। दायित्व व दर्जाधारी और पदाधिकारी अभी से चुनाव प्रबंधन में जुट जायें। इससे विकेन्द्रीकरण होगा। पार्टी संगठन में 42 पदाधिकारी और 50 से अधिक नेताओं को दायित्व सौंपे गये हैं। दरअसल चुनाव करीब आने से कई महीने पहले ही टिकट के लिए जोड़-तोड़ और हाईकमान की परिक्रमा शुरू हो जाती है। वर्तमान विधायक पुनः टिकट पाने के लिए जोर लगाते हैं। यदि टिकट की उम्मीद नहीं होती है तो अपने परिवार के सदस्यों को टिकट के लिए दावा पेश करते हैं। पदाधिकारी और दायित्वधारी अपनी वरिष्ठता के आधार पर टिकट मांगते हैं। पहले से किसी पद पर बने लोगों को ही टिकट देने से पार्टी के लिए समर्पित कार्यकर्ता को निराशा होती है। राजनीतिक लाभ कुछ नेताओं और परिवारों तक सीमित होने से पार्टी का जनाधार कमजोर होता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परिवारवाद की राजनीति का शुरू से विरोध किया है। लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी ने पीढ़ीगत राजनीति का विरोध किया। युवा और नई पीढ़ी के कर्मठ, जुझारू कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी है। विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत से दो बार सत्ता मिलने के बाद अब इनकम्बेंसी का सामना भी करना पड़ेगा। उत्तराखंड में प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस पिछले विधानसभा चुनाव में सत्ता से वंचित रहने के बाद निकाय और पंचायत चुनाव में भी पिछड़ गई। अब विधानसभा चुनाव में टक्कर देने के लिए तैयारी कर रही है। भाजपा को प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे पर जीत की गारंटी से बाहर निकलना होगा। राज्य सरकार की उपलब्धियों को मुद्दा बनाना होगा। सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम पदाधिकारी और दायित्वधारी करेंगे। जमीनी स्तर पर कार्य करने की जरूरत है। कार्यकर्ता का सहयोग लेने के लिए पदाधिकारियों को भी मैदान में उतरना होगा। दायित्वधारी जन सम्पर्क के लिए नियमित समय निकालेंगे तो चुनाव में जीत कठिन नहीं होगी।

# पर्यटन विभाग ने लास्टकलूज इंडिया के साथ किया एमओयू

## पर्यटन स्थलों व पर्यटन संस्थानों का वैश्विक मंच पर होगा प्रचार प्रसार

नैनीताल

हमारे संवाददाता

देवभूमि उत्तराखंड के अनछुए पर्यटन स्थलों और सभी होटलो तथा होम स्टे को वैश्विक मंच दिया जाएगा। सभी को डिजिटल प्लेटफ ार्म पर लाकर प्रचार प्रसार किया जाएगा। इसके लिए पर्यटन विकास परिषद ने अतुल्य भारत लास्ट कलूज इंडिया के साथ एमओयू किया। पर्यटन स्थलों के प्रचार प्रसार को विश्वसनीय प्लेटफ ार्म अतुल्य भारत अभियान लास्ट कलूज इंडिया के जरिए राज्य के पर्यटन कारोबार को आगे बढ़ाने को एमओयू साइन किया गया।

उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद मुखयालय में अपर निदेशक पूनम चंद और लास्ट कलूज इंडिया की ओर से सीईओ भास्कर पंत ने एमओयू साइन किया। लास्टकलूज इंडिया देश व विदेश के पर्यटकों तक उत्तराखंड के पर्यटन स्थलों की जानकारी पहुंचाने का काम करेगा। राज्य के पर्यटन के लिहाज से शानदार तथा बेहतरीन डेस्टिनेशन को पर्यटन के वैश्विक मंच पर लाया जाएगा। न सिर्फ पर्यटन स्थल बल्कि इन पर्यटक स्थलों से जुड़े होटलों तथा होम स्टे समेत राज्य के स्थानीय व्यंजन व कला तथा सांस्कृतिक परंपराओं और रोमांचक



अनुभवों जैसी अनूठी एवं प्रामाणिक गतिविधियों से रुबरू कराया जाएगा।

बता दें कि लास्ट कलूज का लक्ष्य वर्ष 2027 तक राज्य के सभी पंजीकृत पर्यटन स्टेक होल्डर्स को पूरी तरह डिजिटल प्लेटफ ार्म से जोडना है। इसके लिए एआई का भी इस्तेमाल किया जाएगा। इसके जरिए इस क्षेत्र से जुड़े लोगों को अपने उत्पादोंए सेवाओं का प्रचार-प्रसार घरेलू और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों तक आसानी से पहुंचाने में सक्षम बनाएगी। हर स्टेक होल्डर्स की प्रोफ ाइल में सेवाओं व स्थान तथा खाद्य विशेषताओं व सांस्कृतिक विरासत और गतिविधियों की विस्तृत जानकारी होगी। इससे यात्री सीधे प्रामाणिक स्थानीय अनुभवों से जुड़ सकेंगे। ये नई पहल न सिर्फ भारतीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए भी उत्तराखंड की अनदेखी सुंदरता को अनुभव करने के नए द्वार खोलेगा।

पंत के मुताबिक मामले में सूबे के पर्यटन सचिव धीराज सिंह गर्बियाल से भी वार्ता की गयी जिसमें उन्होंने कहा है कि हमारा लक्ष्य एक पारदर्शी व सुलभ और डिजिटलीकृत इकोसिस्टम बनाना है ताकि हर स्टेक होल्डर चाहे वह होमस्टे हो या साहसिक गतिविधि संचालक बड़े प्लेटफ ार्म का लाभ उठा सके। इस एमओयू से उत्तराखंड का पर्यटन सिस्टम मजबूत होगा। होटल इंडस्ट्री के स्थानीय सेवाएं मुहैया कराने वाली संस्थाएं मजबूत होंगी। पर्यटकों को को पूरे राज्य में प्रामाणिक और बेहतर सेवाओं का लाभ मिलेगा।

## लेक ब्रिज चुंगी पर टोल देने को लेकर टोल कर्मियों से उलझा पर्यटक

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल लेक ब्रिज चुंगी पर टोल शुल्क देने को लेकर पर्यटक टोल कर्मियों से उलझ गया। विवाद बढ़ा तो पुलिस ने मामला शांत किया। बता दें कि मंगलवार को राजस्थान से पर्यटक अपने निजी वाहन में नैनीताल घूमने के लिए पहुंचे। पर्यटक लेक ब्रिज चुंगी पर पहुंचे तो टोल शुल्क के 70 रूपये देने लगे। जब टोल कर्मी ने टोल शुल्क 300 रूपये मांगे तो पर्यटक ने देने से इंकार कर दिया। जिस पर टोल कर्मियों ने पर्यटक के वाहन को रोक दिया। इस दौरान पर्यटक पुलिस को बुलाने लगी। टोल से गुजर रहे पुलिस कर्मियों ने भी पर्यटक को टोल शुल्क 300 बताकर वहां लगी रेट लिस्ट दिखाई। लेकिन पर्यटक नहीं माना। जिस पर पुलिस ने पर्यटक को कार पीछे करने को कहा। लेकिन पर्यटक ने कार भी पीछे नहीं हटाई। जब यातायात बाधित होता देख पुलिस ने कार्रवाई की बात कही तो पर्यटक ने वाहन पीछे किया।

# सदस्यता अभियान के तहत आज़ाद समाज पार्टी के दर्जनों लोगों ने सदस्यता ग्रहण की

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

जवाहर नगर वार्ड नम्बर 15 में सदस्यता अभियान के तहत आज़ाद समाज पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष फ़िरोज़ खान के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने सदस्यता ग्रहण की रेशमा खातून को महिला मोर्चा में आसपा का वार्ड 15 का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

भीम आर्मी और आज़ाद समाज पार्टी की संयुक्त सभा को सम्बोधित करते हुए फ़िरोज़ खान ने वार्ड 15 की अध्यक्षा रेशमा खातून को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी फिरोज़ खान ने कहा कि बनभूलपुरा पुलिस द्वारा जवाहर नगर में सत्यापन के नाम पर लोगों को परेशान किया जा रहा है एक बार सत्यापन की पुष्टि हो जाने के बाद भी बार बार सत्यापन के लिए सवेरे 6:00 बजे ही दरवाज़े खटखटाने लगते हैं, कारोबार



और मज़दूरी करने के लिए यहाँ बहुत से लोग बाहरी राज्यों से आकर दस पंद्रह सालों से यहीं रह रहे हैं, हम लोगों से पुलिस कहती है सत्यापन के लिए बिहार जाकर बनवाओ, बिहार वाली पुलिस कहती है कि जब तुम यहाँ रहते ही नहीं हो तो हम तुम्हारा चरित्र प्रमाण पत्र कैसे बनायें, एक व्यक्ति चरित्र प्रमाण पत्र के लिए बिहार जाता है तो तीन दिन जाने के और तीन दिन आने के एक आकाश भारती, नफीस अहमद खान, फिरोज खान, महेश चंद्र आर्य, नवीन मूलनिवासी, जीतराम, हरीश लोधी, संजय कुमार टमटा कमल चंद्र आर्य आदि उपस्थित थे।

## शारदीय नवरात्रि

# नवमी को महारूप में प्रकट हुई थीं देवी मां सिद्धिदात्री



*आज यानी 1 अक्टूबर को महानवमी मनाई जा रही है। कई साधक इस दिन पर नवरात्र व्रत का पारण करते हैं और कन्या पूजन करते हैं। मां सिद्धिदात्री नवरात्र देवी दुर्गा का नौवां और अंतिम स्वरूप हैं जो साधक को सभी प्रकार की सिद्धियां प्रदान करती हैं। ऐसे में चलिए पढ़ते हैं मां सिद्धिदात्री की पूजा विधि कथा और मंत्र। वरात्र के आखिरी यानी नौवें दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना का विधान है। मां सिद्धिदात्री के स्वरूप की बात करें, तो माता कमल पर विराजमान हैं और चार भुजाओं वाली हैं। इस स्वरूप में देवी ने अपने एक हाथ में शंख, दूसरे में गदा, तीसरे में कमल और चौथे हाथ में च्रक धारण किया हुआ है। मां सिद्धिदात्री देवी दुर्गा के समान सिंह की सवारी करती हैं। पौराणिक कथा के अनुसार, जब सभी देवता महिषासुर के अत्याचारों से परेशान हो गए, तब ब्रह्मा, विष्णु और शिव ने अपने तेज से मां सिद्धिदात्री को उत्पन्न किया। ऐसी मान्यता यह भी है कि भगवान शिव ने मां सिद्धिदात्री की कठिन साधना की, जिससे उन्हें देवी से अणिमा, महिमा, गरिमा जैसी आठ सिद्धियां प्राप्त हुईं। इसके बाद भगवान शिव का आधा शरीर देवी का हो गया था और वह अर्धनारीश्वर कहलाए।*

## मां सिद्धिदात्री की पूजा विधि

*सबसे पहले सुबह जल्दी उठकर स्नान-ध्यान करें। इसके बाद पूजा स्थल की साफ-सफाई करने के बाद गंगाजल का छिड़काव करें। इसके बाद मां सिद्धिदात्री की तस्वीर स्थापित करें। पूजा में देवी के इस स्वरूप को रोली, चंदन, अक्षत, धूप, दीप, फूल, फल, मिठाई नारियल और चुनरी आदि अर्पित करें। भोग के रूप में देवी को लवा, पूड़ी और चना अर्पित करें। इसके बाद दीपक जलाकर माता की आरती करें और सभी लोगों में प्रसाद बांटें। इस दिन पर 9 कन्याओं का पूजन कर अपने व्रत का पारण करें और हवन का भी आयोजन करें।*

# शीतक यंत्र यात्रिकी चंदन कुमार दास हुए सेवानिवृत

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं मंडल के पशुपालन विभाग के अपर निदेशक कार्यालय में शीतक यंत्र यात्रिकी के पद पर तैनात चन्दन कुमार दास मंगलवार को सेवानिवृत हो गए। सेवानिवृति पर पशुपालन विभाग द्वारा उनकी विदाई समारोह का आयोजित किया। समारोह में सभी अधिकारियों व कर्मियों ने उनके कार्यकाल की सराहना की। इस मौके पर दास ने अधिकारियों व कर्मियों के समक्ष सेवाकाल के दौरान उनकी ओर से दिए गए सहयोग के लिए उनका विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया।

विदाई समारोह में डा.0 रमेश सिंह नितवाल अपर निदेशक समेत डा0. योगेश भारद्वाज परियोजना निदेशक तथा डा0 रजनीश पाठक वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी, मो0उमर सहायक लेखाधिकारी शेखर चन्द्र भट्ट मुखय प्रशासनिक अधिकारी संतोष कुमार गेंदा सिंह जितेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह कुलदीप उपाध्याय समेत गोवर्धन राम शंकर तिवारी जगमोहन काण्डपाल प्रियंका पन्त बी.डी.जोशी भूपाल सिंह जीवन लाल हरमल सिंह पिंकी देवी, कृष्ण कुमार जय प्रकाश हरीश दुर्गापाल दीपा देवी कमला जोशी तथा सी0एस0 पन्त व गणेश तिवारी आदि उपस्थित रहे।



News कॉर्नर

## जिला अस्पताल नैनीताल में चिकित्सकों ने काली पट्टी बांधकर किया विरोध प्रदर्शन

**नैनीताल।** बागेश्वर में लापरवाही के मामले में स्वास्थ्य विभाग की ओर से चिकित्सक के खिलाफ की गई कार्यवाही को लेकर प्रांतीय चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा संघ के चिकित्सकों ने मंगलवार को अस्पताल में काली पट्टी बांधकर कार्य किया और विरोध जताया। प्रांतीय चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा संघ के अध्यक्ष डॉ नरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि बागेश्वर में चिकित्सक पर की गई कार्रवाई को लेकर काली पट्टी बांधकर कार्य कर विरोध जताया। कहा कि यह विरोध निरंतर जारी रहेगा और प्रदेश कार्यकारिणी के निर्देशानुसार इस संबंध में आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान डॉ एमएस दुग्ताल डॉ मोनिका कांडपाल डॉ आरुषि गुप्ता डॉ द्रौपदी गर्बियाल आदि चिकित्सकों ने काली पट्टी बांधकर कार्य किया।

## नैनीताल जिला अस्पताल में दो चिकित्सकों की नियुक्ति के बाद भी 12 पद रिक्त

**नैनीताल।** राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल नैनीताल में बीते लंबे समय से डाकटरों की कमी चल रही है। जिसके चलते कई बार मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

अब तक अस्पताल में दो बाल रोग विशेषज्ञों समेत 14 डाकटरों के रिक्त थे। शासन से जिले को मिले 12 डाकटरों में से दो डाकटरों की तैनाती बीडी पांडे अस्पताल में की गई है। अस्पताल के पीएमएस डॉ. टीके टमटा ने बताया कि अस्पताल को दो डाकटर मिलने के बाद भी में वर्तमान में 12डाकटरों के पद रिक्त चल रहे हैं। जिसमें दो बालरोग विशेषज्ञ समेत 100 मेडिकल ऑफिसर शामिल हैं। दो नए डाकटरों की तैनाती से व्यवस्थाओं में मदद मिलेगी।

# व्यापक ब्रह्म अजित भुवनेस्वर। लछिमन कहाँ बूझ करुनाकर॥

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

प्राचीन श्री रामलीला मैदान में लक्ष्मण शक्ति, लक्ष्मण जागृति तथा कुंभकर्ण बध लीला का मंचन कराया गया। व्यास पुष्कर दत्त शास्त्री कहते है.मेघनाद ने मायावी युद्ध में लक्ष्मण पर शक्ति बाण चलाया था, जिससे वह मूर्छित हो गए।

अपने भाई की इस दशा को देखकर श्री राम बहुत व्याकुल और दुखी हुए। सभी दुखी हों गये और वेध्य जी को बुलाया गया तो उन्होंने बताया कि उनकी मूर्छा तभी दूर हों सकेगी जब उन्हें संजीवनी बूटी को सुंघाया जाये जो सुदूर पर्वत में मिल सकेगी।लक्ष्मण को





शक्ति लगने के बाद उनकी मूर्छा को दूर करने के लिए हनुमानजी पर्वत से संजीवनी बूटी लेकर आए, और लक्ष्मण जी की मूर्छा दूर होती है। फिर से युद्ध होता है और रावण दल से कुंभकर्ण का वध होता है। संचालन समिति से विनीत अग्रवाल, भवानी शंकर नीरज , दिनेश गुप्ता, पंकज कपूर, तनुज गुप्ता, आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। श्री रामलीला मंचन में आज विभिन्न संस्थाओं ने सहयोग किया जिसमें कसौधन समाज,खत्री समाज, अनमोल संकल्प सिद्धी फाउंडेशन ,आस्था क्लब आदि रही।

# 'भाजपा सरकार पहाड़ से लेकर मैदान तक गरीबों को उजाड़ने पर आमादा'

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

बागजाला वासियों का धरना जारी है धरने के मुख्य वक्ता के रूप में नैनीताल के पूर्व विधायक संजीव आर्य ने कहा कि, भाजपा सरकार पहाड़ से लेकर मैदान तक सभी जगहों पर गरीबों को उजाड़ने पर आमादा है। इस सरकार की इस कोशिश के खिलाफ अपने अधिकारों हेतु बागजाला वासियों ने जो संघर्ष शुरू किया है उसका समर्थन करते हुए मैं मुख्यमंत्री से बागजाला को मालिकाना अधिकार देने की मांग करता हूं। बागजाला वासियों के मालिकाना हक और मूलभूत सुविधाओं के लिए मैं हरसंभव प्रयास करूँगा। मैं बागजाला6 वासियों और किसान महासभा को विश्वास दिलाता हूं मैं हमेशा आपके संघर्ष के साथ खड़ा रहूँगा। इसके लिए राज्य के मुख्यमंत्री से बात की जायेगी। विशिष्ट अतिथि हाई कोर्ट नैनीताल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट दुर्गा सिंह मेहता ने



कहा कि, भाजपा सरकार जमीन लूट की सरकार है। यह सरकार गरीबों को उजाड़ने का काम करो, अपने खास अमीर दोस्तों को फायदा पहुंचाओ के फॉर्मूले पर चल रही है। 45 वें दिन के धरने को पूर्व विधायक संजीव आर्य, हाई कोर्ट नैनीताल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट दुर्गा सिंह मेहता के अतिरिक्त प्रधान बालम सिंह नौला, वरिष्ठ काँग्रेस नेता राजेन्द्र खनवाल, हेमवती नंदन दुर्गापाल, खजान पांडेय, इन्दर पाल आर्य, हेमंत बग्ड़वाल, हरेंद्र क्विरा, हरेंद्र बोरा, राजू आर्य, राधा आर्य, उमेश टम्टा, माले जिला सचिव डॉ कैलाश पांडेय, डा उर्मिला रैस्वाल, वेद प्रकाश ने भी संबोधित किया। इसके अलावा धरने में प्रेम सिंह नयाल, विमला देवी, पंकज चौहान, चन्दन सिंह मटियाली, दीवान सिंह बर्गली, एम एस मलिक, ललित मटियाली, हेमा आर्य, हरक सिंह बिष्ट, परवेज, विमला पाण्डे, दुर्गा देवी, अनीता अन्ना, कौशल्या, पारवती, भोला सिंह, दीपा, हीरा देवी, हेमा आर्य, दौलत सिंह, मंजू सिंह, निर्मला शाही, ललिता देवी, गीता देवी, राधिका, हरीश, सरोज, पुष्पा, रेखा रानी, दीपा देवी, महेश राम, रेशमा , अनीता, कुलदीप सिंह, ललित प्रसाद, मुन्नी देवी आदि समेत सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल रहे।

# टैक्सी यूनियनों के प्रतिनिधियों की हुई नैनीताल में बैठक

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं महासंघ टैक्सी यूनियन की बैठक नैनीताल में मंगलवार को तल्लीताल टैकसी यूनियन के आह्वान पर आयोजित की गयी। बैठक में नैनीताल टीबी नंबर को लेकर और जिन गाडियों में नैनीताल प्रवेश वर्जित की मुहर लगी थी।उस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की गयी। तय किया गया कि मामले को लेकर 6 अकटूबर (सोमवार) को कुमाऊं महासंघ के अध्यक्ष ठाकुर सिंह बिष्ट देहरादून में मुखयमंत्री से मिलेंगे और टैकसी यूनियनों की समस्या को लेकर बात रखेंगे,उसके बाद अगर प्रदेश के मुखयमंत्री ने हमारी महासंघ की बात नहीं सुनी तो उसके बाद फिर बैठक कर रणनीति तय होगी।

बैठक में कहा गया कि जिन गाडियों में नैनीताल प्रवेश वर्जित की मुहर लगी है उन गाडियों में इंश्योरेंस कलेम की दिक्कत आ रही है।जिसमें सूखाताल टैकसी यूनियन के अध्यक्ष दीपक मटियानी ने अवगत कराया जो हमारी नैनीताल प्रवेश की सीमाएं हैं वह हल्द्वानी रोड से नैनीताल हनुमानगढ़ी मंदिर तक समेत भवाली की ओर से आने वाले वाहन कैलाखान तक तथा कालाढूंगी रामनगर से आने वाले वाहन नारायण नगर तक। कहा कि इस सीमा से आगे जाने वाले वाहन खुद ही स्वयं अपने जिमेदार होंगे। इसमें हमारी यूनियन की कोई जिमेदारी नहीं होगी जबतक कि हाईकोर्ट का डिसीजन नहीं आने तक कहा किर हम और हमारी महासंघ यूनियन हाईकोर्ट के नियमों का उल्लंघन नहीं कर सकती हैं।

बैठक में कुमाऊं महासंघ के अध्यक्ष ठाकुर सिंह बिष्ट व नैनीताल जिला महासंघ के अध्यक्ष भरत भूषण व सूखाताल अध्यक्ष दीपक मटियानी तथा तल्लीताल अध्यक्ष रमेश जोशी समेत वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुमाऊं महासंघ मनोज भट्ट व काठगोदाम टैकसी यूनियन अध्यक्ष प्रशांत कुमार व भीमताल यूनियन अध्यक्ष रोहित कुमार व भवाली यूनियन अध्यक्ष कृष्ण चंद्र आजाद नैनीताल महासंघ उपाध्यक्ष करतार सिंह व रामनगर टैक्सी यूनियन अध्यक्ष रेहान खान तथा भवाली यूनियन संजय लोहनी समेत टैक्सी मालिक व चालक सभी लोग मौजूद रहे।

# नैनीताल जिला पंचायत के अभियंता दलीप सिंह नेगी हुए सेवानिवृत

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिला पंचायत नैनीताल के अभियंता दलीप सिंह नेगी मंगलवार को अपनी 33 वर्षों की सेवाओं की बाद सेवानिवृत हो गए । उन्हें मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में अधिकारियों व कर्मचारियों ने भावपूर्ण विदाई दी । इससे पूर्व 25 सितंबर को हुई जिला पंचायत की बोर्ड बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दर्मवाल तथा उपाध्यक्ष देवकी बिष्ट सहित समस्त बोर्ड ने उन्हें विदाई दी थी ।

मंगलवार को अभियंता दलीप सिंह नेगी की सेवानिवृति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया । विदाई समारोह में वक्ताओं ने उनके सेवाओं व कार्यप्रणाली की सराहना की । बताया गया कि सेवा अवधि में उनका नैनीताल से कई बार स्थान्तरण हुआ लेकिन उनकी कार्य कुशलता के कारण जन प्रतिनिधियों की मांग पर शासन ने उनका स्थान्तरण वापस लिया था और उन्होंने हमेशा नैनीताल में ही सेवाएं दी । अपने संबोधन में अभियंता दलीप सिंह नेगी अपने सेवाकाल में अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा दिये गए सहयोग के प्रति आभार जताया । विदाई समारोह में अपर मुखय अधिकारी महेश कुमार विश्नोई समेत कर अधिकारी विजय बिष्ट व लेखाकार श्री भौर्याल कर निरीक्षक चंद्रपाल सिंह बिष्ट व दीपक उपाध्याय व अवर अभियंता रमेश आर्य समेत नीतू सिंह दीपा मटियाली रितु रावत समेत भाजपा नेता हरीश भट्ट अधिवक्ता राजेन्द्र परगाई तथा ठेकेदार जगदीश शर्मा सहित जिला पंचायत के कर्मचारी मौजूद थे ।



## श्रीकंठ महादेव फाउंडेशन धरमार्थ न्यास द्वारा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन

**हल्द्वानी।** श्रीकंठ महादेव फाउंडेशन धरमार्थ न्यास द्वारा ग्राम चोपडा ज्योलिकोट में आश्रम उद्घाटन और मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन 2 और 3 अक्टूबर को किया जा रहा है।

कार्यक्रम में श्री शंकराचार्य राजराजेश्वराश्रम महाराज, जगतगुरु आश्रम हरिद्वार का आगमन भी रहेगा।

# रावण की भूमिका निभाने वाले कैलाश जोशी के सभी दीवाने

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा की ओर से आयोजित रामलीला महोत्सव में उत्कृष्ट कलाकार पात्रों की भूमिका में रंगों की तरह घुल जाते हैं तथा उस पात्र को जीवंत बनाने में भी योगदान करते है तथा श्री राम सेवक सभा द्वारा आयोजित रामलीला का रंग बदल देते हैं। यहां दर्शक रावण की भूमिका निभाने वाले कैलाश जोशी के खासे दीवाने हैं। बता दें कि मंच पर रावण का प्रवेश होता है तो पूरा सभा भवन तालियों और से गूंज उठता है। श्री राम सेवक सभा की रामलीला अभिनय कला और भव्य प्रस्तुति के लिए जानी जाती है । कैलाश जोशीए जो पिछले 33 वर्षों से रावण का किरदार निभा रहे हैं, उनकी लंबी कद काठी समेत गंभीर आवाज और दमदार संवाद शैली रावण के चरित्र को जीवंत कर देती है। मंच पर उनके हर शबदों पर दर्शकों की जोरदार तालियां और सराहना होती है। कैलाश जोशी रावण के अभिनय के अतिरिक्त अपनी मधुर वाणी से भजनों की भी मनमोहक प्रस्तुतियां देते हैं ।



# रूपनगर में स्थित बालाजी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम

किच्छा

हमारे संवाददाता

हल्द्वानी। रूपनगर में स्थित बालाजी मंदिर में कुमाऊं में दूसरी जगह प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होगा यह यंत्र ढोलमार के बाद हल्द्वानी के बालाजी मंदिर में स्थापित होगा, जिसमें 2 से लेकर 4 अक्टूबर तक विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम होंगे।

जिसमें राजस्थान व हरिद्वार से आए ब्राह्मणों के द्वारा प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी यह जानकारी देते हुए मंदिर के व्यवस्थापक पूरन चंद पाठक ने बताया कि 2 अक्टूबर का कलश यात्रा सुबह 9:00 बजे से प्रारंभ होकर बालाजी मंदिर में आएगी 108 कलश यात्रा रानी बाग से प्रारंभ होकर बालाजी मंदिर पहुंचेगी 3 अक्टूबर को



पूजा अर्चना के बाद शाम को आरती होगी तथा 4 तारीख को प्रात: 11:00 बजे प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा जिसमें दो यंत्र स्थापित होंगे एक अचल और एक चल की तैयारी को लेकर मंदिर संस्थापक के द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है इस मौके पर अतुल कुमार गुप्ता वांराश शर्मा पंकज सक्सेना दीपचंद तिवारी लाल बाबू यादव हितेश त्रिपाठी मनीष तिवारी खेमानंद बृजवासी शरद अग्रवाल आदि लोग उपस्थित थे।

## बिंदुखत्ता निवासी व्यक्ति की सड़क हादसे में मौत

**हल्द्वानी।** पुलिस ने बीते दिवस मरे सड़क हादसे में व्यक्ति के शव का पोस्टमार्टम करा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है गौरतलब है कि मंगलवार दोपहर भीषण सड़क हादसे में रावत नगर बिंदुखत्ता निवासी व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। भयंकर हादसे में व्यक्ति का सिर 10 टायरा ट्रक ने नीचे आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर भाग गया।

39 वर्षीय जगमोहन सूंठा पुत्र देवीदत्त बैंक की कैश वैन चलाता था। मंगलवार दोपहर वह सुशीला तिवारी अस्पताल से मां की दवा लेकर बाइक से घर जा रहे थे। रामपुर रोड पर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।